# GOVT. DEGREE COLLEGE NAGROTA SURIAN

TEH. NAGROTA SURIAN, DISTT. KANGRA (H.P.)-176027

Phone No : 01893-293686 Email:gcnagrotasuriyan-hp@nic.in


**Reference No.- EDN-GDC-NGRS-G(5) 1/2014-** 305 **Date:-** 25/07/2026

## सूचना

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक **27 जुलाई, 2026 (सोमवार)** को **दोपहर 12:00 बजे** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ की **छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायता निगरानी समिति (Scholarship and Financial Aid Monitoring Committee)** द्वारा महाविद्यालय के **सभागार (कक्ष संख्या 408)** में **"छात्रवृत्ति अभिविन्यास कार्यक्रम"** का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं वित्तीय सहायता संबंधी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान छात्रवृत्ति योजनाओं की **पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया, समय-सीमा, आवेदन करते समय बरती जाने वाली सावधानियाँ** तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी, जिससे विद्यार्थी समय पर एवं सही प्रकार से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकें।

अतः महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय पर सभागार में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

Principal
Govt Degree College
Nagrota Surian
Distt. Kangra (HP)-176022

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां
काँगड़ा (हि. प्र.)